फार्म नम्बर ।।।

# अज अदालत सहायक कलक्टर मुकाम औसिया

भवंरीदेवी वगैरा बनाम अणची वगेरा

किस्म मुकदमा विविधि प्रार्थना / वाद पत्र नम्बर 70 / 2019

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल मे जारी हुए |
|---|---|---|
| / 12 / 2019 | पत्रावली पेश हुई । दोनो पक्षकार व उनके अधिवक्ता उपस्थित । प्रतिवादीनी की तरफ से इकबाली जबाब दावा व दोनो पक्षो की तरफ से राजीनामा पेश किया जाकर दोनो पक्षो के अधिवक्ता ने जाहिर किया कि वादीगण व प्रतिवादीनी आपस मे पुत्रीया व माता है तथा पैत्रिक भूमि है इसलिए दोनो पक्षो ने लोक अदालत की भावना से राजीनामा कर लिया है । राजीनामा हो जाने से भविष्य मे दोनो पक्षो के बीच मधुर सम्बन्ध बने रहने की आशा है इसलिए राजीनामा के जरीये वादीगण का वाद डिक्री किये जाने मे प्रतिवादीनी को आपति नही है । दोनो अधिवक्ताओ को सुना गया , पत्रावली का अवलोकन किया गया । वादग्रस्त भूमि वादीगण की पैत्रिक भूमि है जो पहले उनके पिता गोपुराम के नाम से थी । गोपुराम की एक पुत्री साउ का इस न्यायालय द्वारा पूर्व प्रतिवादीनी के साथ हिस्सा घोषित किया जा चूका है इसलिए गोपुराम की दोनो पुत्रीये वादीगण का भी वादग्रस्त भूमि मे राजीनामा के जरीये प्रत्येक का 1 / 16 हिस्सा प्रतिवादीनी के साथ मे घोषित किया जाता है तदनुसार डिक्री पर्चा जारी किया जावे । निर्णय व डिक्री के अनुसार तहसीलदार औसिया को राजस्व रेकर्ड मे अमल दरामद हेतु तहरीर जारी की जावे । पत्रावली फैसल सुमार की जाकर दाखिल दफ्तर हो।<br>सहायक कलेक्टर, औसियां<br>न्यायालय सहायक कलेक्टर ओसियां जिला जोधपुर | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:15:56 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner